नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **3**
No. of Printed Pages – **7**

# SS-32-SH.HD. (Hindi)

## हिन्दी शीघ्रलिपि (SHORTHAND HINDI)

### उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2020

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 40**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) तीनों खण्ड एक ही बैठक में लिखाये जायें ।

(3) प्रथम एवं द्वितीय खण्डों तथा द्वितीय एवं तृतीय खण्डों के बीच में **5-5** मिनट का मध्यान्तर दिया जाये । तीनों खण्डों के संकेत लिपि श्रुतलेखों के हिन्दी अक्षरीकरण के लिए **2¾** घंटे का समय दिया जाए ।

(4) केवल निम्न विराम–चिह्न ही लगाएँ :

पूर्ण विराम, अर्द्ध–विराम और प्रश्न–चिह्न एवं कोष्ठक ।

(5) संकेत लिपि पेन्सिल से लिखा जाए तथा उसका अनुवाद हिन्दी में टंकण यंत्र/कम्प्यूटर से ही टंकित किया जाए । हाथ से लिखा मान्य नहीं होगा ।

(6) संकेत लिपि में लिखा हुआ श्रुतलेख उत्तर–पुस्तिका के साथ नत्थी कर दिया जाए ।

(7) संकेत लिपि के **20%** अंक रखे गये हैं ।

(8) खण्ड **प्रथम 4** मिनट, खण्ड **द्वितीय 5** मिनट तथा खण्ड **तृतीय 7** मिनट लिखवाने के रखे गए हैं । प्रत्येक खण्ड **80** शब्द प्रति मिनट की गति से बोला जाय ।

## प्रथम खण्ड

(इसे **80** शब्द प्रति मिनट की गति से लिखा जाए) **10**

मंगतराम मन्नालाल मांझी

(फर्नीचर मर्चेन्ट)

| | |
|---|---|
| पत्रांक : 222 | चटोपाध्याय मार्ग, |
| टेलीफोन नं. : 9680505058 | चांदपोल, |
| ईमेल : मांझी @ जीमेल.कॉम | फतहगढ़-6 |
| सेवा में / | दिनांक 20-6-2019 **1/4** |

सर्व श्री चांदमल एण्ड सन्स,

चंचल फर्नीचर हाउस, **1/2**

रंग बाड़ी रोड़ /

चम्पारन – 7

ईमेल : चंचल @ जीमेल.कॉम

**3/4**

विषय : क्रयादेश की अक्षरशः पालना के क्रम में/

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि हमने आपको // दिनांक 25-12-2018 को 25 लाख का **1**
फर्नीचर क्रय करने का आदेश दिया था । क्रयादेश के अनुसार माल आप द्वारा भेजा गया, किन्तु माल
सैम्पल / के अनुसार प्राप्त नहीं हुआ है । जिससे हम ग्राहकों को माल नहीं बेच रहे हैं । आप द्वारा **1¼**
भेजे / गये माल में सैम्पल के अनुसार माल प्रेषण नहीं होने से हमें माल का वास्तविक मूल्य का पूर्ण **1½**
भुगतान करने / में आपत्ति है । **1¾**

साथ ही हमें अपने स्थायी ग्राहकों को माल की गुणवत्तापूर्ण सुपुर्दगी करने में कठिनाई आ // रही **2**
है । हमारे ग्राहकों एवं बाजार में जिनको माल बेचा है उनसे माल की गुणवत्ता की शिकायत
आने से / हमारी संस्था की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । **2¼**

अतः आपसे अनुरोध है कि भविष्य में माल की / गुणवत्ता बनाये रखने का विशेष ध्यान रखा जाये । **2½**
वर्तमान / में 25 लाख के माल का जो क्रयादेश दिया गया है उसमें हमें व्यापारिक शर्तों एवं परम्परानुसार **2¾**
अंतिम भुगतान की // किश्त में 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करने का श्रम करें । **3**

आशा ही नहीं पूर्ण / विश्वास है कि आप द्वारा हमारे अनुरोध को बिना किसी शर्त एवं संकोच के **3¼**
स्वीकार करेंगे ।

आप द्वारा हमारी / उक्त माँग स्वीकार करने के बाद ही हम हमारे ग्राहकों को वास्तविक मूल्य में छूट **3½**
प्रदान कर सन्तुष्ट करने का / प्रयास कर सकेंगे । **3¾**

धन्यवाद ।

भवदीय,....

महादेव शास्त्री,

मंगतराम मन्नालाल मांझी के लिए,

साझेदार । // **4**

## द्वितीय खण्ड

(इसे **80** शब्द प्रति मिनट की गति से लिखा जाए) **10**

सामाजिक सद्भावना समिति,

ऊँचा दरवाजा,

सहारनपुर, (उ.प्र.)

दिनांक : 09 अगस्त, 2019

सेवा में,

श्रीमान अधिवासी / अधिकारी महोदय, **1/4**

नगर परिषद,

भावनगर,

**विषय : / वार्ड नम्बर 23 में गंदगी दूर करवाने बाबत** **1/2**

मान्यवर,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मैं आपका ध्यान वार्ड नम्बर / 23 की ओर दिलाना चाहता हूँ। **3/4**
इस वार्ड में पिछले चार माह से किसी भी प्रकार की साफ सफाई // की ओर नगर परिषद का ध्यान नहीं **1**
गया है।

यहाँ आये दिन जानवर एवं सूअर घूमते रहते हैं और / गंदगी फैलाते रहते हैं। जिससे बालकों एवं **1¼**
वृद्धों में खासतौर पर स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की सम्भावना बढ़ / रही है। अगर शीघ्र अतिशीघ्र **1½**
साफ सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो महामारी की संभावना हो सकती / है। **1¾**

वार्ड की नालियाँ पूरी तरह गंदगी से भरी // पड़ी हैं । यही नहीं रोड़ एवं गलियों में गड्ढे भी बहुत बढ़ 2
गये हैं । इस कारण से आये / दिन वाहनों की टक्कर होती रहती हैं । साथ ही जान माल की हानि भी उठानी 2¼
पड़ रही है । / 2½

गन्दगी के कारण संभावित बीमारियों से पड़ने वाले प्रभाव से श्रीमान मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय को भी अलग से अवगत / कराया जा रहा है । 2¾

मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय से यह भी माँग की जा रही है कि ट्रोमा सेन्टर में // स्वास्थ्य 3
विभाग की ओर से शिविर लगवाकर निःशुल्क ऑपरेशन हेतु चयनित बीमारों का सर्वे कर ऑपरेशन करवाया जावें । / 3¼

छोटे बच्चों की पहचान कर आवश्यक टीके लगवाने की पहल कर उन्हें बीमारी से बचाया जावे ।

भावनगर के / चारों तरफ भी इसी प्रकार गन्दगी की भरमार है । शहर की नालियों का पानी वार्डों से 3½
होता हुआ / वार्ड नम्बर 23 की तरफ आता है और नगर के बाहर निकलता है । इस प्रकार सबसे अधिक 3¾
यह वार्ड गन्दगी // से प्रभावित होता है । 4

वार्ड में अन्य प्रकार से भी प्रदूषण फैलने की संभावना बनी रहती है ।

मेरी / आपसे यही अपील है कि इस गन्दगी के ढेरों को तत्काल उठाने हेतु आवश्यक कदम उठाये 4¼
जावें ।

आशा ही / नहीं पूर्ण विश्वास है कि नगर परिषद इस समस्या की ओर विशेष ध्यान देगी और 4½
समुचित कदम उठा कर इसका / समाधान करेगी । 4¾

आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए समाचार–पत्रों में भेज रहा हूँ ।

भवदीय,

धनराज

प्रबन्धक // 5

## तृतीय खण्ड

(इसे **80** शब्द प्रति मिनट की गति से लिखा जाए) **20**

### बच्चों के कमरे को बनाएँ उनकी दुनिया

अब वो जमाना गया जब बच्चों के लिए बेबी पिंक या ब्ल्यू से / अलग कुछ सोचा ही नहीं जाता **1/4**
था । आज के बच्चे वाइब्रेंट कलर्स ज्यादा पसंद कर रहे हैं । ऐसे / में उनकी बेडरूम की दीवारों को हरे, **1/2**
लाल या फिर नारंगी रंग से भी रंगा जा सकता है । / यह बच्चे को एनर्जी प्रदान करते हैं । साथ ही इस बात **3/4**
पर भी ध्यान दें कि दीवारों का पैंट // वाटर बेस्ड होना चाहिए, क्योंकि बच्चे तो दीवारों पर चित्रकारी के **1**
नमूने भी उकेरते रहते हैं । इससे उन्हें / साफ करने में आसानी रहेगी । अलग आकार की टाइल्स भी **1¼**
दीवारों पर लगवाकर उन्हें नया लुक दिया जा सकता / है । **1½**

बच्चों के रूम में अलमारी, बेड़, स्टडी टेबल व बुकशेल्फ ही अहम होते हैं । लेकिन / यह भी **1¾**
जरूरी है कि बच्चे का बेडरूम ज्यादा भरा हुआ न हो । ऐसे में इन चीजों को रखने // के लिए कोशिश करें **2**
कि कमरे के कोर्नर का अधिक से अधिक इस्तेमाल हो जाए । वहीं फर्नीचर यदि लकड़ी / का हो तो **2¼**
बेहतर रहेगा और उसके किनारे भी शार्प नहीं होने चाहिए । इनमें भी आकार ओर रंग अलग- /अलग चुनें । **2½**

लाइट्स में कई प्रयोग किए जा सकते हैं । खासतौर पर उनके शेप में । आज / कल कई तरह की **2¾**
लाइट्स बाजार में है जो फ्रुट शेप से लेकर ट्रेंडी शेप तक में है । इनका // प्रयोग एक अलग लुक देगा । **3**
लाइट्स में डिमर लगे हों तो और भी बेहतर, इससे जब बच्चा पढ़ / नहीं रहा है और सोने के मूड में है तो **3¼**
लाइट डिम भी की जा सकती है ।

रूम में / सजावट के साथ सुरक्षा भी अहम है । ऐसे में फ्लोरिंग को भी नज़र-अंदाज़ नहीं किया जा **3½**
सकता है /। बच्चे के बेडरूम में कारपेंटिंग एक अच्छा विकल्प हो सकता है या फिर वुड फ्लोरिंग भी एक **3¾**
सेफ ऑप्शन // है । **4**

जिस कमरे में बच्चे का अधिकतर टाइम बीतता है, उसमें उसे ऐसा कोना देना बेहद अहम हो / 4¼
जाता है जहाँ वो अपनी क्रिएटिविटी को शोकेस कर सके । उसके लिए कमरे की किसी दीवार को उसी / 4½
के नाम कर दीजिए । एक बोर्ड लगाकर उस पर अपने बच्चे की आर्ट एण्ड क्राफ्ट से जुड़ी चीजें लगाएँ / या 4¾
फिर उसकी पसंद की पिक्चर्स, पोस्टर भी लगा सकते हैं । इसी बोर्ड पर कोई मोटिवेशनल कोटेशन
भी // शोकेस की जा सकती है । फिर देखिए यह कमरा केवल बेडरूम ही नहीं बल्कि खेल के मैदान का 5
काम / करेगा । 5¼

कैसे कुछ लोग नियमित तौर पर गर्म पानी पीने के फायदों के बारे में जानते हैं । डॉक्टर / भी इस 5½
बात को मानते हैं कि रोज गुनगुना पानी पीने से शरीर पर अच्छा असर पड़ता है । ब्लड / सर्कुलेशन बेहतर 5¾
होता है और वजन भी नहीं बढ़ता । लेकिन ध्यान रखें कि गुनगुना पानी पीने के थोड़े साइड // इफेक्ट्स 6
भी हैं । अगर आपके सेहत से जुड़ी कोई परेशानी हो तो एक बार इसे पीने से पहले डॉक्टर / से कंसल्ट 6¼
जरूर करें ।

गुनगुना पानी पीने से ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहता है और मांसपेशियों और तंत्रों के / लिए 6½
असरदायक है । अपच व गैस की समस्या ठीक हो जाती है । खाने के दौरान पीने से यह / खाने को पचाने 6¾
में सहायक होता है । गुनगुने पानी से कब्ज की समस्या भी दूर हो जाती है । // 7

DO NOT WRITE ANYTHING HERE